लापरवाही ▶ बस दिखावे के लिए खड़े हुए है जिम्मेदार

# बिना जांच प्लेटफॉर्म में दाखिल हो रहे यात्री

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में शामिल जबलपुर स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यहां मौजूद टिकट चेकिंग स्टाफ द्वार से अलग हट कर घंटों बतियाने में व्यस्त दिखाई दिया तो वही मुख्य रेलवे स्टेशन पर लगी लगेज चेकिंग मशीन मात्र शोपीस साबित हो रही है। नाही जिम्मेदारों द्वारा यात्रियों का सामान इस मशीन से होकर निकाला जाता है और नाही यात्री खुद से इस मशीन का उपयोग करते है।

वही यात्रियों का आरोप है कि स्टेशन परिसर और गेट के आसपास असामाजिक तत्वों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, जबकि सुरक्षा बलों की मौजूदगी नाकाफी दिखाई दे रही है।



अंजान बनकर खड़े जिम्मेदार



खाली पड़ी कुर्सी

### सुरक्षा व्यवस्था की होगी समीक्षा

सबसे बड़ा सवाल यह है कि रेलवे प्रशासन द्वारा सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे किए जाने के बावजूद स्टेशन के प्रवेश द्वारों पर प्रभावी निगरानी क्यों नहीं दिखाई दे रही। जबकि पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था और वॉर रूम संचालित किए जाने की जानकारी दी गई थी। बता दे कि यात्रियों का कहना है कि शाम होते ही स्टेशन गेट के आसपास असामाजिक तत्वों की सक्रियता बढ़ जाती है, जिससे महिला यात्रियों और बाहर से आने वाले लोगों में भय का माहौल रहता है। यात्रियों ने स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर अतिरिक्त आरपीएफ, जीआरपी जवानों की तैनाती और सीसीटीवी निगरानी बढ़ाने की मांग की है। वही इसपर जिम्मेदारों द्वारा सुरक्षा की समीक्षा करने का दावा किया गया है।

### खाली पड़ी हुई थी कुर्सी

नवभारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन में सामने आया कि मंगलवार की दोपहर स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों की प्लेटफार्म नंबर एक पर चेकिंग करने वाले अधिकारी अपनी कुर्सी से गायब थे।

वही यात्रियों और लोगों के अनुसार स्टेशन गेट के आसपास अवैध वेंडरों, संदिग्ध युवकों और मनचलों का जमावड़ा आम बात बन गया है। कई बार यात्रियों के साथ अभद्रता, विवाद और मारपीट जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हाल के महीनों में स्टेशन परिसर से जुड़े कई विवादित मामले भी चर्चा में रहे हैं, जिनमें यात्रियों से दुर्व्यवहार और मारपीट की घटनाएं शामिल हैं।

**इनका कहना है**

आप के द्वारा सुरक्षा में चूक की जानकारी सामने लाई गई है। लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**डॉ मधुर वर्मा**
**सीनियर डीसीएम, पमरे**

## तीन शातिर चोर पकड़ाए चार बाइक जब्त

**जबलपुर ।** पलक झपकते ही वाहनों को पार करने वाले तीन शातिर चोरों को भेड़ाघाट पुलिस ने दबोचा है जिनके कब्जे से चुरायी हुई चार बाइकें जब्त की गई है। पकड़े गए आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। टीआई कमलेश चौरिया ने बताया कि तेवर ब्रिज के नीचे घेराबंदी कर गुड्डू उर्फ प्रिंस विश्वकर्मा पिता नीतेश विश्वकर्मा 19 वर्ष निवासी गढ़ा एवं साहिल बैरागी पिता देवीदास बैरागी 18 वर्ष निवासी इन्दिरा बस्ती रतन नगर गढ़ा एवं 17 वर्ष बालक को दबोचा गया । पूछताछ करने पर भेडाघाट अंतर्गत तेवर ब्रिज के पास, सरस्वती घाट, पंचवटी, बरेला गौर के अनूप बिहार गेट नंबर 02 के पास से चार बाइकें से चुराना स्वीकार किए। तीनों के द्वारा अपने पास 1-1 मोटर सायकिल रखना एवं 1 अन्य मोटर सायकिल को त्रिपुर सुंदरी मंदिर के पास झाडियो में छिपाकर रखना बताया आरोपियों के कब्जे से बाइकें जब्त कर ली गई है । पकड़े गए आरोपी गुड्डू उर्फ प्रिंस विश्वकर्मा एवं साहिल अपराधी प्रवृत्ति के युवक है, दोनो के खिलाफ पूर्व से 3-3 अपराध दर्ज है।

# सफाई ठेकों में हिस्सेदारी के भी जुड़ रहे तार

**3 करोड़ पहुंचा काली कमाई का आंकड़ा**

**नवभारत, जबलपुर।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, जबलपुर (ईओडब्ल्यू) के शिकंजे में फंसे नगर निगम के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोलेराव पिता संन्यासी बारौआ की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। काली कमाई का आंकड़ा तीन करोड़ पहुंच चुका है। जांच टीम द्वारा करोड़पति अधिकारी की चल-अचल संपत्तियों की भी सघन जांच पड़ताल कर रही है। इसी बीच जांच एजेंसी को एक बड़ा सुराग हाथ लगा है, जिससे इस भ्रष्टाचार के तार नगर निगम के सफाई ठेकों से जुड़ते नजर आ रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान टीम को जानकारी मिली है कि पोलेराव की नगर निगम में सफाई का ठेका लेने वाली विभिन्न कामगार समितियों में भी हिस्सेदारी थी। अधिकारी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए चहेती समितियों को न सिर्फ ठेके दिलवाए, बल्कि उनमें मोटी रकम



का निवेश कर अवैध कमाई की है। जिसके बाद जांच एजेंसी ने अपनी कार्रवाई का दायरा बढ़ा दिया है। फिलहाल जांच एजेंसी हर पहलू को बारीकी से जोड़ रही है, जिससे आने वाले दिनों में कुछ और बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। विदित हो कि आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) को नगर निगम के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोलेराव पिता संन्यासी निवासी आदि प्लाजा के पीछे के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिली थी। जिसकी जांच के बाद मंगवलवार को सुबह 6 बजे तीन अलग-अलग टीमों ने पोलेराव के जेडीए स्कीम-11 स्थित आलीशान निवास और कार्यालय पर एक साथ छापेमारी की थी । इस दौरान 2 करोड़ 82 लाख रुपये से अधिक की बेहिसाब संपत्ति का खुलासा हुआ था। ईओडब्ल्यू ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। काली कमाई का आंकड़ा तीन करोड़ तक पहुंच गया है। दस्तावेजों की स्क्रूटनी और लॉकर की जांच अभी भी जारी है। पूरी छानबीन और दस्तावेजों के मिलान के बाद आय से अधिक संपत्ति का यह आंकड़ा कई गुना और बढ़ने की उम्मीद है। अब तक की जांच में घर से 1,19,18,000 रूपए नकद लेनदेन के दस्तावेज, 45 लाख का फ्लैट, 65 लाख के कीमती भूखंड के कागजात मिले हैं। घर से 22.50 लाख कीमत का 150 ग्राम सोना और 3 लाख मूल्य की चांदी मिली है। इसके अलावा, बैंक लॉकर्स में 450 ग्राम अतिरिक्त सोना होने की पुख्ता आशंका है। परिसर से एक लग्जरी फोर-व्हीलर कीमत 8.50 लाख और तीन टू-व्हीलर कीमत 6.20 लाख बरामद हुई है। पोलेराव और उनके परिजनों के नाम पर 6 बैंक खाते मिले हैं, जिनमें 10 लाख जमा हैं। साथ ही 10 लाख की भारी-भरकम बीमा पॉलिसियों में निवेश के कागजात मिले हैं। घर के अंदर 16 लाख से अधिक मूल्य के महंगे और लग्जरी सामान मिले।

## कैंट विधानसभा के मंडलों में सांसद आशीष दुबे का जनसंवाद



**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सांसद आशीष दुबे ने जबलपुर कैंट विधानसभा के विभिन्न मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए आमजनों, प्रबुद्धजनों, व्यापारियों व कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस अभियान के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए विकसित भारत के संकल्प के लिए सभी को एकजुट होने का आवाह्न किया। इस दौरान शहीद भगत सिंह मंडल के रक्षा नगर पार्क रांझी तथा वीर सावरकर मंडल के करौंदी वार्ड में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी मंडल में क्षेत्रीय व्यापारियों से उनके हितों पर चर्चा की गई तथा छत्रपति शिवाजी मंडल के सदर क्षेत्र की चौपाल में आमजनों की समस्याएं और अपेक्षाएं सुनी गईं।अभियान के तहत सांसद आशीष दुबे विधायक अशोक रोहाणी के साथ सुभाष चंद्र बैनर्जी वार्ड के संकल्प से समाधान जनकल्याण शिविर में शामिल हुए, जहां पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरित किए गए।

## खुलेआम बिक रही शराब, परिवार हो रहे बर्बाद




**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत नीची की महिलाओं ने गांव में लंबे समय से चल रही अवैध शराब बिक्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को नुनसर चौकी का घेराव कर प्रदर्शन किया ।आक्रोशित महिलाओं का आरोप रहा कि गांव में खुलेआम शराब बेचे जाने से अनेक परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। नशे की लत के कारण पुरुषों का जीवन प्रभावित हो रहा है इस दौरान डॉ. सीता साहू, रमा धुर्वे, नीलम गौंड, सपना रैकवार, आरती चढ़ार, पुष्पा रैकवार, अंकिता रैकवार, शालिनी गौंड, आरती गौंड, अंजनि, रजनी गौंड, रजनी साहू, प्रीति चढ़ार, शिवानी ठाकुर आदि मौजूद थी ।

## दहेज की बलि चढ़ी थी विनीता, प्रताड़ना से तंग आकर की थी खुदकुशी

**नवभारत, जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत पंजाब बैंक कॉलोनी में एक महिला ने बाइक और एक लाख के लिए ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मार्ग जांच और मायके पक्ष के बयानों के आधार पर मृतिका के पति और ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीएसपी कोतवाली रितेश कुमार शिव ने बताया कि विनीता अहिरवार (24) निवासी पंजाब बैंक कॉलोनी के पति सुमित अहिरवार (28) ने थाने में सूचना दी थी। 14 जून की शाम करीब 6 बजे जब वह काम से लौटा, तो उसका 7 महीने का बेटा अकेला रो रहा था। उसने अपनी पत्नी विनीता को आवाज दी, लेकिन कोई आवाज नहीं आई। जब वह ऊपरी मंजिल पर बने कमरे की तरफ गया, तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गया। विनीता कमरे के दरवाजे की वेंटिलेशन रॉड से अपनी ही चुन्नी का फंदा बनाकर लटकी हुई थी। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने विनीता को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था।

### शादी के एक साल बाद ही बदली नियत

पुलिस ने जब मृतिका विनीता के मायके पक्ष के लोगों के बयान दर्ज किए, तो परिजनों ने बताया कि विनीता की शादी 4 मई 2023 को सुमित के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के एक साल तक सब ठीक रहा। इसके बाद पति सुमित और ससुर बलराम अहिरवार की नियत बदल गई। वे विनीता पर मायके से एक मोटरसाइकिल या फिर 1 लाख रुपये नगद लाने का दबाव बनाने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर पति और ससुर उसके साथ रोज मारपीट करते थे। उसे लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। ससुराल वालों के रोज-रोज के तानों और जुल्म से विनीता इस कदर टूट चुकी थी कि उसने 14 जून की शाम को मौत को गले लगाना बेहतर समझा। पुलिस ने आरोपी पति सुमित अहिरवार और ससुर बलराम अहिरवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## डॉ . तनूजा चौधरी की तीन कृतियों का विमोचन आज

**नवभारत, जबलपुर।** पाथेय संस्था द्वारा 18 जून की शाम होटल कल्चुरी में प्रतिष्ठित कथा लेखिका व समीक्षक डॉ. तनूजा चौधरी की तीन कृतियों का विमोचन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस साहित्यिक आयोजन के दौरान उनकी कृतियों 'अनुबंध' कहानी संग्रह, 'विचार और विश्लेषण' समीक्षा तथा 'नीले बादलों के साथ' यात्रा वृत्तान्त को पाठकों के सामने लाया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि इस समारोह की अध्यक्षता प्रसिद्ध महाकवि आचार्य भगवत दुबे करेंगे।

## सेना की स्वदेशी रखरखाव क्षमता में बड़ी उपलब्धि

**नवभारत, जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वाधान में 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, चेओक्की स्थित 508 आर्मी बेस वर्कशॉप ने प्रथम ओवरहॉल किए गए 8×8 यूरो वाहन को सफलतापूर्वक रोल आउट किया है। यह उपलब्धि भारतीय सेना की स्वदेशी रखरखाव क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

यह ऐतिहासिक सफलता जटिल और महत्वपूर्ण सैन्य प्लेटफॉर्मों के रखरखाव में कॉर्प्स ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स (ईएमई) की बढ़ती



तकनीकी क्षमता, नवाचार और समर्पण को दर्शाती है। इस वाहन का सफल ओवरहॉल आत्मनिर्भर एवं स्वदेशी समाधानों के जरिए परिचालन तत्परता बढ़ाने की सेना की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। यह उपलब्धि सैनिकों की व्यावसायिक दक्षता और तकनीकी उत्कृष्टता का प्रमाण होने के साथ-साथ, देश को तकनीकी रूप से उन्नत और आत्मनिर्भर रक्षा बल बनाने के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के पूरी तरह अनुरूप है। इसके जरिए रक्षा रखरखाव और सैन्य संसाधनों के दीर्घकालिक संधारण के क्षेत्र में अपनी स्वदेशी क्षमताओं को निरंतर विकसित करने का भारतीय सेना का संकल्प और अधिक सशक्त होता है।

## वृद्धजनों को दी विधिक अधिकारों की जानकारी

**जबलपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन में बुधवार 17 जून को निराश्रित वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की सचिव शक्ति वर्मा द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को उनके विधिक अधिकारों, वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण हेतु बनाए गए कानूनों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की



गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं तथा उनका सम्मान करना हमारी संस्कृति एवं परंपरा का अभिन्न अंग है। इस मौके पर उपस्थित वृद्धजनों ने विभिन्न व्यावहारिक कठिनाइयों से अवगत कराया। एक वृद्धा ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से समय पर दवाइयाँ उपलब्ध नहीं हो पाती हैं, जबकि एक अन्य वृद्धा ने दवाओं के सेवन संबंधी उचित मार्गदर्शन के अभाव की समस्या बताई, जिससे उन्हें यह समझने में कठिनाई होती है कि कौन-सी दवा कब एवं किस मात्रा में लेनी है।

## खेत में मिली लाश

**जबलपुर।** माढोताल थाना अंतर्गत पडवार कला में एक अज्ञात युवक का शव खेत में पड़ा मिला । जानकारी के अनुसार, पड़ाव कला में प्रकाश पटेल का खेत है । खेत में काम करने वाले मजदूर वहां से गुजर रहे थे। इसी दौरान उन्हें खेत में एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। मजदूरों ने तुरंत इसकी सूचना खेत मालिक प्रकाश पटेल और गांव के कोटवार धर्मेंद्र चडार को दी। कोटवार धर्मेंद्र चडार पिता गुलाब सिंह चडार मौके पर पहुंचे। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## बुजुर्गों का सम्मान, युवाओं का विश्वास : अभिलाष पांडे



**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जबलपुर की उत्तर-मध्य विधानसभा में विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय के द्वारा जनसंपर्क और जनसेवा का एक अनूठा अभियान चलाया गया। छह दिनों तक चले इस विशेष कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने घर-घर पहुंचकर लोगों से संवाद किया, बुजुर्गों का सम्मान किया और युवाओं के साथ विकास को लेकर सार्थक चर्चा की, बुधवार को इस अभियान की शुरुवात दीनदयाल मंडल अंतर्गत दत्त मंदिर में बुजुर्गों के सम्मान के साथ हुई जिसमें बड़ी संख्या में सीनियर सिटीजन उपस्थित रहे। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने जनता के बीच पहुंचकर केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। साथ ही युवाओं के साथ 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम आयोजित कर उनके सुझाव और अपेक्षाओं को जाना गया। युवाओं ने रोजगार, शिक्षा और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे, जिन्हें गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 2800 से अधिक बुजुर्गों और वरिष्ठ जनों का सम्मान कर विधायक ने उनका आशीर्वाद लिया गया। दीनदयाल उपाध्याय मंडल में मंडल भाजपा जिला मंत्री मनीष जैन कल्लू, अध्यक्ष सपन यादव, सचिन सोनकर, ज्योति जैन, शानू दुबे, प्रणव, रवि वासवानी आदि उपस्थित थे।

## युवाओं को नौकरी, नियोक्ताओं को प्रोत्साहन

नवभारत, जबलपुर। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत 19 जून को देशभर में क्षेत्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।जिसके तहत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा भंवरताल गार्डन स्थित संस्कृति थिएटरमें मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल के मुख्यातिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त पारितोष कुमार ने पत्रकार वार्ता में दी। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की विस्तृत जानकारी पत्रकारों को देते हुए उन्होंने कहा की योजना का उद्देश्य रोजगार सृजन को



बढ़ावा देना, युवाओं को औपचारिक रोजगार से जोड़ना तथा सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना है। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया की केंद्र सरकार ने इस योजना के लिए 99,446 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है और अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार अवसरों के सृजन का लक्ष्य रखा है। इनमें लगभग 1.92 करोड़ युवाओं के पहली बार कार्यबल में शामिल होने का अनुमान है। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया की पहली बार नौकरी पाने वालों को एक माह के वेतन के बराबर प्रोत्साहन राशि मिलेगी। योजना के भाग-ए के अंतर्गत पहली बार ईपीएफओ में पंजीकृत तथा एक लाख रुपये प्रतिमाह तक वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को एक माह के वेतन के बराबर, अधिकतम 15 हजार रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जाएगा।

## शराब के लिए अस्पताल कर्मी को घोंपा चाकू

**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत चांदमारी पहाड़ी में शराब पीने के लिए पैसे देने से मना करने पर एक बदमाश ने विक्टोरिया अस्पताल के कर्मचारी पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, चांदमारी पहाड़ी निवासी 21 वर्षीय रूपेश नाहरे विक्टोरिया अस्पताल में कार्यरत है। बीती रात करीब 10:30 बजे रूपेश अपने घर के पास स्थित गोलू की दुकान से राजश्री खरीदकर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह गली के हैंडपंप के पास पहुंचा, वहां पहले से मौजूद इलाके के बदमाश निहाल सारवान



ने उसका रास्ता रोक लिया ।आरोपी निहाल सारवान ने रूपेश को रोककर शराब पीने के लिए 1,000 की मांग की। जब रूपेश ने पैसे देने से साफ मना कर दिया, तो आरोपी आपा खो बैठा और अचानक जेब से धारदार चाकू निकाला और रूपेश पर हमला कर दिया। रूपेश ने खुद को बचाने का प्रयास किया, जिससे चाकू सीधे उसके हाथ में जा लगा और वह लहूलुहान हो गया। चीख-पुकार सुनकर जब तक लोग इकट्ठा होते, आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला।

सफलता ▶ बरमाद किये गये मोबाइल फोन

# जीआरपी ने चोरी के दो मामलों का किया खुलासा

**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे पुलिस जबलपुर द्वारा यात्रियों की सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत चोरी के दो मामलों का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार प्रकरण अपराध धारा 305(सी) बीएनएस में प्राप्त सीडीआर के आधार पर आरोपी विपिन कुमार बढई पिता प्रेमलाल बढई उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम मोहन टोला, विजयराघवगढ़, थाना कैमोर, कटनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया वीवो कंपनी का मोबाइल फोन 16,500 रुपये बरामद



किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने उक्त मोबाइल ग्राम निवासी रवि तिवारी उर्फ राका से 1,000 रुपये में खरीदना बताया था ।बता दें कि मुख्य आरोपी रवि तिवारी उर्फ राका पिता रामकुमार तिवारी उम्र 33 वर्ष निवासी भूमकेश्वर धाम, कलहरा नन्हारा कला, थाना कैमोर, कटनी की लगातार तलाश की जा रही थी। तलाशी के दौरान 16 जून को आरोपी को रेलवे स्टेशन मदनमहल से दस्तयाब किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी द्वारा मोबाइल विक्रय से प्राप्त 1,000 रुपये में से शेष बची 500 रुपये की राशि प्रस्तुत की गई, जिसे विधिवत ई-साक्ष्य एप्लीकेशन के माध्यम से जप्त किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी से अन्य अपराधों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। आरोपी ने लगभग 3-4 माह पूर्व इंटरसिटी एक्सप्रेस के जनरल कोच से एक यात्री का रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन चोरी करना स्वीकार किया बरामद मोबाइल रेडमी कंपनी का होकर उसकी अनुमानित कीमत 9,000 रुपये पाई गई। इसी प्रकार जीआरपी जबलपुर द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए चोरी के दो मामलों का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया।

## खितौला में भी टूटा सूने मकान का ताला

**जबलपुर।** खितौला थाना अंतर्गत पालीवाल कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि पालीवाल कॉलोनी निवासी अनिल कुमार पटेल परिवार सहित गांव खिरहनी कला गए थे। चोरों ने घर का ताला तोड़कर लोहे की पेटी से सोने का मंगलसूत्र, चांदी के ब्रेसलेट, 2 जोड़ी पायल और 4 चूड़ियां पार कर दीं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**नवभारत, जबलपुर।** शहीद स्मारक सभागार में संगीत पारिजात संस्था के द्वारा एक सांगीतिक संध्या का आयोजन इंजी. अरुण भटनागर के संयोजन में संपन्न हुआ। राजेश पाठक प्रवीण के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परसुराम पटेल एवं शरद वजीरा उपस्थित रहे। आनंद यादव तथा मनु महेश के कुशल संगीत निर्देशन में कलाकारों ने 'रंग-रंग के फूल खिले हैं', 'देखा है तेरी आँखों में', 'ये वादा करो चाँद के सामने' और 'मुझे रात-दिन बस मुझे चाहती हो' जैसे सदाबहार गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिसका कवयित्री डॉ. मंजू गोरे ने प्रभावशाली ढंग से



संचालन किया।

सुप्रसिद्ध ऑर्केस्ट्रा कलाकार आनंद यादव और मनु महेश की टीम ने 'एक हसीना थी एक दीवाना था', 'आजकल तेरे मेरे चर्चे हर जुबान पर' और 'जब मोहब्बत जवान होती है' जैसे गीतों की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में स्टिल फोटोग्राफी, क्लोज़-अप, डिजिटल वीडियोग्राफी व स्क्रीन डिस्प्ले का दायित्व मनोहर सोनी एवं सत्यजी पैशन म्यूज़िक ने निभाया। इस दौरान इंजी. अरुण भटनागर, कमलकांत उपाध्याय, डॉ. अनिल बाजपेयी, इंजी. आर. एस. बंसल, अर्जुन देवताले, डॉ. अनिल कोरी, श्रीराम टेकरिया, कमलेश दुबे, राजेश ठाकुर, सुनील तिवारी, मयंक श्रीवास्तव, इंजी. संजय अग्रवाल, योगेश प्रजापति, डॉ. मनीष राय, डॉ. अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, माया पाण्डे, विमिता पाण्ड्या, खुश जैन, पूर्णिमा अग्रवाल, दिलीप ठाकुर, अंकिता ठाकुर, दिशा राठौर तथा अंशुल साहू सहित संगीत पारिजात के सदस्य व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।